हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 12 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

9 कुश्ती और बैडमिंटन में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन


10 गांधी कैंप में दबंगों का तांडव दुकानों में तोड़फोड़


## खबर संक्षेप



### 90 हजार की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने 90 हजार रुपये की ठगी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान अंकुश निवासी रावलवास खुर्द जिला झज्जर के रूप में हुई है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। लाखनमाजरा थाना प्रभारी समरजीत ने बताया कि गिरावड़ निवासी साक्षी की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 28 जून को साक्षी ने टेलीग्राम पर एक विज्ञापन देखा। जिसके माध्यम से एक बेवसाइट पर रुपये लगाकर कमीशन के साथ वापिस रुपये देने की बात कही। साक्षी ने उनकी बातों में आकर अलग-2 ट्रांजैक्शन मे कुल 90 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिये।

### मंत्री पंवार आज समिति की बैठक लेंगे

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि 12 सितम्बर को प्रदेश के विकास एवं पंचायत, खान एवं भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार की अध्यक्षता में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक का आयोजन स्थानीय जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में 12 सितम्बर को सुबह 11 बजे होगा। विकास एवं पंचायत मंत्री मासिक बैठक के एजेंडे में शामिल 19 शिकायतों की सुनवाई करेंगे।

### हारट्रोन स्किल सेंटर में रोजगार मेला 15 को

**रोहतक।** पावर हाउस स्थित आईडीबीआई बैंक के ऊपर हारट्रोन स्किल सेंटर द्वारा सभी छात्राओं के लिए 15 सितंबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर डीएलवाईएफटी एलएलवी कंपनी द्वारा इंटरव्यू लिए जाएंगे। हारट्रोन स्किल सेंटर के संचलाक आशुतोष ने बताया कि सभी छात्राएं निर्धारित तिथि को सुबह 9:00 बजे हारट्रोन स्किल सेंटर पर अपने रिज़्यूम एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचें।

### मदिव ने कई परीक्षा परिणाम जारी किए

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मई 2025 में आयोजित एमए-लोक प्रशासन पंचवर्षीय के चौथे सेमेस्टर फ्रेश, एमए-लोक प्रशासन डीडीई के दूसरे व चौथे सेमेस्टर फ्रेश तथा प्रथम व तीसरे सेमेस्टर री-अपीयर, एमए-लोक प्रशासन ऑनलाइन मोड के दूसरे सेमेस्टर री-अपीयर, एमएफए पेंटिंग पंचवर्षीय के दूसरे सेमेस्टर की री-अपीयर तथा चौथे सेमेस्टर की फ्रेश एनईपी तथा री-अपीयर, एमकॉम पंचवर्षीय के दूसरे सेमेस्टर की री-अपीयर तथा चौथे सेमेस्टर की फ्रेश एनईपी व री-अपीयर, एम.कॉम सीडीओई ऑनलाइन जुलाई साइकिल की दूसरे व चौथे सेमेस्टर फ्रेश व री-अपीयर तथा जनवरी व जुलाई साइकिल की तीसरे सेमेस्टर की री-अपीयर, एमए-इकोनॉमिक्स पंचवर्षीय के दूसरे सेमेस्टर री-अपीयर व चौथे सेमेस्टर फ्रेश की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है।

### महम नगर पालिका की सामान्य बैठक 18 को

**महम।** महम नगर पालिका की एक सामान्य बैठक 18 सितंबर को सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका प्रधान भारती करेंगी। इस बैठक में शामिल होने के लिए सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, विधायक बलराम दांगी, उपप्रधान बसंत लाल गिरधर, शहर के सभी पार्षदों और दो मनोनित पार्षदों को पत्र जारी किए गए हैं।

नगर निगम की बैठक में समस्याओं को लेकर सवाल-जवाब

# बैठक में हंगामा, भाजपा पार्षदों ने ठेकेदार-अधिकारियों को घेरा

» सफाई व्यवस्था और डेयरी शिफ्टिंग का एजेंडा पास

» घरों के बाहर अतिक्रमण पर फैसला दीपावली के बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम सदन की बैठक मंगलवार को हंगामेदार रही। सुबह साढ़े 11 बजे शुरू हुई इस बैठक की अध्यक्षता मेयर रामअवतार वाल्मिकी ने की, जबकि निगम कमिश्नर डॉ. आनंद शर्मा भी मौजूद रहे। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी बुलाए गए थे, लेकिन चर्चा और सवाल-जवाब के दौरान माहौल कई बार गरमा गया। जिला विकास भवन के कॉफ्रेंसिंग हॉल में सदन की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में सफाई व्यवस्था और डेयरी शिफ्टिंग का एजेंडा पास किया गया और वहीं घरों के बाहर से अतिक्रमण पर हटाने पर फैसला दिवाली के बाद होगा। हिसार व दिल्ली की तर्ज पर पेड़ों की कटिंग करने के लिए निगम 24 लाख रुपये व प्रतिमाओं को साफ करने के लिए 48.50 लाख कीमत की मशीन खरीदेगा। 50 लाख से 1 लाख तक के विकास कार्यों को पार्षदों ने एकमत से अनुमति दी। आयुक्त ने बताया कि सरकार ने उनको एक करोड़ तक के विकास कार्य कराने का अधिकार दे दिया है। पहले 50 लाख समय सीमा थी। पार्षदों ने नगर निगम के साथ जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को भी घेरा। निर्दलीय महिला पार्षद मनीषा नांदल ने कहा कि मुख्य नाले की सफाई हो रही है, लेकिन बोहर गांव के अंदर की सफाई नहीं हो रही।



रोहतक। मीटिंग लेते मेयर रामअवतार वाल्मिकी व निगम कमिश्नर डॉ. आनंद शर्मा।

## पार्षदों का गुस्सा फूटा, सुनाई खरी-खरी




बैठक में कई पार्षदों ने ठेकेदारों और विभागीय अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। वार्ड-7 के पार्षद कपिल नागपाल ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों पर पानी की किल्लत और सीवर समस्याओं को हल न करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को गंदे पानी और जाम सीवर की समस्या से जूझना पड़ रहा है, लेकिन अधिकारी गंभीरता से काम नहीं कर रहे। वहीं, वार्ड-17 की पार्षद डिंपल जैन ने भी एक ठेकेदार पर काम को लापरवाही से करने का आरोप जड़ा। उन्होंने कहा कि बरसाती लाइन को समय पर ठीक नहीं किया गया और न ही ऑपरेटर की नियुक्ति की गई। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## जमकर खींचतान हुई



बैठक के दौरान पार्षदों के बीच भी खींचतान देखने को मिली। एक मनोनित पार्षद और जनता द्वारा चुने गए पार्षद के बीच किसी काम को लेकर तीखी बहस हो गई। दोनों पक्षों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला, जिसे मेयर ने बीच-बचाव करके शांत कराया। बैठक में कई अहम एजेंडे रखे गए। अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव चर्चा में आया, लेकिन इस पर सहमति नहीं बन सकी। तय किया गया कि अतिक्रमण पर बड़ा फैसला दीपावली के बाद लिया जाएगा।

### तत्काल समाधान हो

इसके अलावा सफाई व्यवस्था और डेयरी शिफ्टिंग से संबंधित एजेंडा पास कर दिया गया। मेयर रामअवतार वाल्मिकी ने आश्वासन दिया कि इन दोनों मुद्दों पर जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। उनका कहना था कि सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करना और डेयरियों को निर्धारित जगह पर शिफ्ट करना प्राथमिकता में है। बैठक में दो पार्षद अनुपस्थित रहे, जिससे उनके वार्डों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा अधूरी रह गई। हालांकि मौजूद पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को खुलकर उठाया और निगम अधिकारियों से तत्काल समाधान की मांग की।

### मुद्दों पर बहस होती रही

बैठक में यह साफ झलक रहा था कि पार्षद जनता की समस्याओं को लेकर बेहद आक्रोशित हैं। पानी, सीवर, सफाई और अतिक्रमण जैसे मुद्दों पर बहस होती रही। कई पार्षदों ने कहा कि अधिकारी सिर्फ कागजों पर काम दिखाते हैं, जबकि जमीनी स्तर पर हालात जस के तस बने हुए हैं। लगातार आरोपों और बहस के बीच मेयर रामअवतार वाल्मिकी ने सभी पार्षदों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही सभी लंबित कामों को प्राथमिकता के आधार पर शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निगम जनता के हितों के लिए काम कर रहा है और किसी भी समस्या को अनदेखा नहीं किया जाएगा।

# कबाड़ी के घर इनकम टैक्स टीम का सर्वे, जीएसटी में गड़बड़ी का मामला



रोहतक। कबाड़ी के घर के बाहर खड़ी टीम की गाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गुरुवार सुबह दिल्ली से आई इनकम टैक्स विभाग की टीम ने रोहतक के गीतांजलि एन्क्लेव में रहने वाले कबाड़ी के घर पर बड़ी कार्रवाई की। आरोप है कि कबाड़ी ने अपने कारोबार में टैक्स चोरी और जीएसटी में गड़बड़ी की है। यही नहीं, इस मामले में वह पहले भी जेल जा चुका है। जानकारी के अनुसार, जिनके घर पर टीम पहुंची उनकी पहचान विशाल उर्फ बबलू के रूप में हुई है। विशाल मूल रूप से गढ़ी मोहल्ले का रहने वाला है, लेकिन करीब डेढ़ से दो साल पहले उसने गीतांजलि एन्क्लेव में नया घर बनाया था। वर्तमान में वह इसी घर में अपने परिवार के साथ रह रहा था।

### सुबह 7 बजे कार्रवाई

गुरुवार सुबह लगभग 7 बजे दिल्ली से आई इनकम टैक्स विभाग की 9 सदस्यीय टीम दो गाड़ियों में सवार होकर गीतांजलि एन्क्लेव पहुंची। टीम आते ही सीधे विशाल के घर में दाखिल हो गई और सुरक्षा कारणों से घर का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। इस दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए बाहर पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों को तैनात किया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह-सुबह अचानक पैरामिलिट्री फोर्स और इनकम टैक्स अधिकारियों की मौजूदगी से पूरे इलाके में हलचल मच गई। लोग एकत्रित होकर आपस में चर्चा करते रहे कि आखिर यह कार्रवाई क्यों की जा रही है।

### कारोबार का रिकॉर्ड खंगाला

सूत्रों के मुताबिक, इनकम टैक्स की टीम लगातार विशाल से पूछताछ कर रही है। साथ ही, उसके कारोबार से जुड़े सभी दस्तावेज और रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। टीम को शक है कि उसने कबाड़ के कारोबार में बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी की है।बताया जा रहा है कि विशाल की पुराने बस स्टैंड के पास कबाड़ी मार्केट में वर्षों पुरानी दुकान है। वहीं से उसने कबाड़ का व्यापार शुरू किया था और धीरे-धीरे कारोबार फैलता गया।

### जेल काट चुका है विशाल

गौरतलब है कि विशाल पर पहले भी टैक्स चोरी और जीएसटी से जुड़े मामलों में कार्रवाई हो चुकी है। वह इस मामले में करीब 9 महीने की जेल भी काट चुका है। इसके बावजूद उस पर आरोप है कि उसने कारोबार में अनियमितताएं जारी रखीं।

# स्वच्छता की नई पहल : कृष्णा मार्केट के दुकानदारों ने दुकानों के आगे रखे डस्टबीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कृष्णा मार्केट एसोसिएशन ने स्वच्छता के कार्य में सहयोग की सहमति दी थी। वीरवार कृष्णा मार्केट एसोसिएशन द्वारा नई पहल की गई तथा नगर निगम का स्वच्छता के कार्य में सहयोग करते हुए स्वेच्छा से सभी दुकानो पर डस्टबीन रखे गए।

उन्होंने मार्केट में डस्टबीन वितरण करने हेतु एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा व संयुक्त आयुक्त मंजीत सिंह एवं वार्ड सदस्य प्रतिनिधि नोरातामल भटनागर ने भी कार्यक्रम में भाग लिया गया।

कोई भी पहल हो जब आरंभ होती है तो अन्य भी उससे प्रेरित होते है तथा एक पहल ही अभियान का रूप ले लेती है। मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने सभी व्यापारी एवं एसोसियेशन से अपील की गई कि रोहतक शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के लिए आप अपनी-अपनी मार्केट में भी इसी प्रकार की पहल कर मुहिम चलाकर स्वच्छता के कार्य में अपना योगदान दे। स्वच्छता में सहयोग करें तथा अपनी-अपनी दुकानो, संस्थानो पर डस्टबीन अवश्य रखे क्योकि डस्टबीन है जुरूरी, इसके बिना सफाई है अधूरी। डस्टबीन नहीं होगा तो हम अपना कूड़ा इधर-उधर या बाहर फैकेंगें जिससे गंदगी गंदगी फैलती है। स्वच्छता का कार्य जनभागादारी से ही संभव है।



रोहतक। दुकानदारों को डस्टबीन वितरण करते मेयर रामअवतार वाल्मीकि

### नुकसान का मुआवजा लेना है तो नपा में देना होगा प्रार्थना पत्र


**महम।** यदि बारिश या जलभराव की वजह से महम शहर में किसी का मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। मकान की छत गिर गई है या मकान में दरार आ गई हैं। कोई मवेशी मर गया है या किसी प्रकार के जान माल का नुकसान हुआ है तो पीड़ित परिवार इसकी शिकायत महम नगर पालिका कार्यालय में कर सकता है। नगर पालिका सचिव नवीन नांदल ने बताया कि इस संबंध में मकान आदि के कागजात आवेदन पत्र के साथ लगाने हैं।

प्रार्थना पत्र नगर पालिका के कमरा नंबर 8 में जमा करवाना होगा। आवेदन पत्र जमा हो जाने के बाद नगर पालिका द्वारा एक कमेटी गठित कि जाएगी। यह कमेटी शहर में बारिश से हुए नुकसान का सर्वे करेगी। उसके बाद पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाएगा।

# जेजेपी ने सरकार से किसानों को मुआवजा देने की मांग उठाई, डीसी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जेजेपी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों ने रोहतक जिलाध्यक्ष डॉ. संदीप हुड्डा के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को उपायुक्त सचिन गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भारी बरसात के कारण रोहतक जिले के हल्का महम, कलानौर, गढ़ी सांपला किलोई, रोहतक में भारी बारिश से प्रभावित किसानों और गरीब लोगों को सरकार से उचित मुआवजा दिलाने की मांग की गई। जिला अध्यक्ष डॉ. संदीप हुड्डा ने कहा कि रोहतक जिले के हल्का महम, कलानौर, गढ़ी सांपला किलोई, रोहतक में भारी बारिश से शहर के निचले इलाकों में एवं गांवों में फसलों, खेतों में ट्यूबवेल और कोठड़ों के नुकसान, मकानों और दुकानों को भारी नुकसान पहुंचा है। गांवों में घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, वहीं भारी बारिश से सैकड़ों एकड़ फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। प्रवक्ता जिला रोहतक एडवोकेट अजय कुमार इंदौरा ने बताया कि ज्ञापन सौंपने वालों में रवींद्र सांगवान, राजेश सैनी, कृष्ण घणघस,प्रवेश कंसाला,राजेश गुलिया, प्रवीण लाम्बा, रवींद्र बखेता,राजेश राठी,अमित सिंधु, प्रवीण भूटानी, सत्यवान, सागर शर्मा, नवीन राव मौजूद रहे।



रोहतक। डीसी को ज्ञापन सौंपते जेजेपी के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य।

याचिका में नियमों की वैधता और अनुशासनात्मक कार्रवाई पर सवाल उठाए थे

# हाईकोर्ट ने रोहतक बार एसो. चुनाव और नियमों को चुनौती वाली याचिका खारिज की, कहा- दलीलों का ठोस आधार नहीं

हरिभूमि न्यूज. रोहतक

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने रोहतक जिला बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर खड़े हुए विवाद पर बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने उन वकीलों की याचिका को खारिज कर दिया, जिन्होंने चुनावी प्रक्रिया, नियमों की वैधता और अनुशासनात्मक कार्रवाई पर सवाल उठाए थे। न्यायमूर्ति गुरविंदर सिंह गिल और न्यायमूर्ति दीपिंदर सिंह नलवा की खंडपीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं की दलीलों का कोई ठोस कानूनी आधार नहीं है और उनके पास उपलब्ध वैधानिक उपायों का प्रयोग करने के बावजूद हाईकोर्ट में आना न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग है। हाईकोर्ट ने कहा कि नियम 2015 पूरी तरह वैध हैं। इन्हें पहले भी चुनौती दी जा चुकी है और अदालत ने इन्हें चुनावों में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक बताया था। नियम बनाने का उद्देश्य बार एसोसिएशनों की स्वायत्तता छीनना नहीं, बल्कि चुनावों में पारदर्शिता लाना है। चुनाव प्रक्रिया को चुनौती देने का नियमित उपाय चुनाव याचिका है, जिसे बार काउंसिल के समक्ष दाखिल किया जा सकता है। चूंकि कुछ अन्य सदस्यों ने यह रास्ता अपनाया है, इसलिए याचिकाकर्ताओं का हाईकोर्ट में आना असंगत है। निलंबन आदेश के खिलाफ वैकल्पिक अपील उपलब्ध है और याचिकाकर्ता पहले ही इसका उपयोग कर रहे हैं। ऐसे में समानांतर रूप से हाईकोर्ट में चुनौती देना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। खंडपीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता चुनाव में असफल होने और अनुशासनात्मक कार्रवाई से आहत होकर पूरी प्रक्रिया को अवैध ठहराने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन वे यह साबित करने में नाकाम रहे कि नियम 2015 मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करते हैं या इनमें कोई मनमानी है। अंततः अदालत ने याचिका को बिना मेरिट के मानते हुए खारिज कर दिया।जिला बार एसोसिएशन प्रधान दीपक हुड्डा ने बताया कि पूर्व प्रधान अरविंद ने दुर्भावना से पक्षपात व मनमानी के आरोप लगाए थे। जबकि चुनाव पूरी तरह से पारदर्शी तरीके से करवाया गया। इनके आरोप निराधार थे, इसलिए ये हाइकोर्ट में भी साबित नहीं हो पाए। सत्य की जीत हुई है। पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैन एवं सदस्य विजेंद्र अहलावत ने बताया कि मैंने बतौर चेयरमैन चुनाव निष्पक्ष और 2015 के नियमों के अनुसार पारदर्शिता से करवाए थे। इसके बार चुनाव याचिका आई थी, इसमें भी ट्रिब्यूनल का गठन नियमानुसार किया गया था। जानबूझकर अपनी स्वार्थ पूर्ति के लिए कुछ याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाए थे, जिसे वे स्वयं भी हाईकोर्ट में साबित करने में विफल रहे।

### इन्होंने दायर की थी याचिका

याचिकाकर्ता संदीप कुमार, अरिवंद श्योराण और करण नारंग ने दायर की थी। इनका कहना था कि फरवरी 2025 में हुए रोहतक बार एसोसिएशन चुनाव निष्पक्ष नहीं थे। आरोप लगाया गया कि मतदाता सूची से कई सदस्यों के नाम मनमाने ढंग से हटा दिए गए। चुनाव समिति का गठन जनरल हाउस की ओर से प्रस्तावित सूची को दरकिनार कर बार काउंसिल आफ पंजाब एंड हरियाणा ने खुद कर लिया। इसके अतिरिक्त, बार एसोसिएशन (संविधान और पंजीकरण) नियम, 2015 को असंवैधानिक बताकर रद्द करने की मांग भी की गई। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि ये नियम बार एसोसिएशनों की स्वायत्तता में अनुचित हस्तक्षेप करते हैं और राजनीतिक हित साधने के लिए दुरुपयोग की संभावना रखते हैं। हाई कोर्ट ने इस आरोप को खारिज कर दिया।

### श्योराण का लाइसेंस निलंबित किया

अधिवक्ता अरविंद कुमार श्योराण के निलंबन पर याचिकाकर्ताओं के अनुसार, उन्हें चुनावी दौड़ से बाहर करने के लिए उनके लाइसेंस को पांच साल के लिए निलंबित किया गया। अरविंद श्योराण 2023-24 में रोहतक बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रहते हुए लंबे समय तक हड़ताल की थी, जिससे न्यायिक कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुआ। इसी आधार पर बार काउंसिल अनुशासन समिति ने 13 मार्च 2025 को उनका लाइसेंस पांच साल के लिए निलंबित कर दिया। बार काउंसिल आफ पंजाब एंड हरियाणा ने अपने जवाब में कहा कि नियम 2015 अदालत के निर्देशों के अनुपालन में बनाए गए थे, ताकि विभिन्न बार एसोसिएशनों में पारदर्शिता और एकरूपता लाई जा सके। काउंसिल का कहना था कि न तो नियम अवैध हैं और न ही उनका दुरुपयोग हुआ।

# वार्ड-21 में चलाया अभियान गंदगी फैलाने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम रोहतक द्वारा हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 को गति देने के लिए वीरवार को वार्ड नंबर 21 में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा, वार्ड नंबर 21 के सदस्य बिजेंद्र सिंह और वार्ड नंबर 20 के सदस्य प्रवीण कौशिक मौजूद रहे। अभियान के तहत पहरावर गांव, तालाब और स्कूल के आसपास विशेष सफाई कराई गई। आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने बताया कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए निगम लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि गंदगी फैलाने वालों, अवैध बैनर पोस्टर लगाने वालों और सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

### बच्चों को दी सीख

अभियान के दौरान नगर निगम टीम ने पहरावर स्कूल में बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर बच्चों के साथ मिलकर पौधारोपण भी किया गया। विशेष अधिकारी (स्वच्छता) प्रदीप कौशिक ने बताया कि सफाई सिर्फ निगम का ही नहीं बल्कि हर नागरिक का दायित्व है। उन्होंने अपील की कि लोग स्वच्छता के कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने आसपास सफाई बनाए रखें। उन्होंने कहा कि निगम लगातार जनभागीदारी के साथ स्वच्छता अभियान चला रहा है और लोगों को इसमें शामिल करके जागरूक किया जा रहा है।

### अवैध होर्डिंग्स और पोस्टर हटाए जाएंगे

नगर निगम की सफाई शाखा और एनफोर्समेंट टीम द्वारा गंदगी फैलाने वालों और शहरभर में लगे अवैध होर्डिंग्स, फ्लैक्स और पोस्टरों को हटाने का अभियान चलाया जाएगा। निगम की ओर से स्पष्ट किया गया है कि इन्हें हटाने में होने वाला खर्च संबंधित व्यक्ति या संस्था से वसूला जाएगा और इसके लिए वही जिम्मेदार होंगे।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में रोहतक ने दर्ज करवाई अपनी मौजूदगी

# कुश्ती और बैडमिंटन टीमों का शानदार प्रदर्शन, राज्य स्तर पर लहराया परचम

- खिलाड़ियों की शानदार प्रतिभा को सभी ने सराहा
- विजेता टीमों का पुरस्कार देकर किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले की खेल प्रतिभा ने एक बार फिर राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज करवाई। 8 से 10 सितम्बर 2025 तक पानीपत में आयोजित हरियाणा राज्य स्तरीय अंडर-17 आयु वर्ग लड़कों की स्कूली कुश्ती प्रतियोगिता में रोहतक की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। मीडिया कन्वीनर डॉक्टर जनक राज ने बताया कि कुश्ती टीम इंचार्ज सुनील के नेतृत्व में फ्रीस्टाइल इवेंट में वंश अहलावत (45 किग्रा), लक्ष्य (48 किग्रा), देव (71 किग्रा) और अंगद (92 किग्रा) ने अपने-अपने भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीते। इन खिलाड़ियों ने न केवल अपने विद्यालय और अभिभावकों का गौरव बढ़ाया बल्कि पूरे रोहतक जिले का नाम भी रोशन किया। इसी क्रम में, फरीदाबाद में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-17 बैडमिंटन प्रतियोगिता में रोहतक जिले की टीम ने भी शानदार प्रदर्शन किया, ओमपाल डीपीई और विनोद कुमार के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने पूरे आत्मविश्वास और खेल भावना के साथ खेलते हुए हरियाणा में तीसरा स्थान हासिल किया।जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा रोहतक के खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और लगन से पूरे जिले का मान बढ़ाया है।

> मीडिया कन्वीनर डॉक्टर जनक राज ने बताया कि कुश्ती टीम इंचार्ज सुनील के नेतृत्व में फ्रीस्टाइल इवेंट में वंश अहलावत (45 किग्रा), लक्ष्य (48 किग्रा), देव (71 किग्रा) और अंगद (92 किग्रा) ने अपने-अपने भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीते



रोहतक। हरियाणा राज्य स्तरीय स्कूली बैडमिंटन प्रतियोगिता की कांस्य पदक विजेता टीम के साथ प्रशिक्षक। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। कुश्ती विजेता खिलाड़ियों के साथ टीम इंचार्ज सुनील।

## रोहतक के खिलाड़ी 16 से 18 तक दिखाएंगे प्रतिभा

शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा आयोजित 58वीं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में रोहतक जिले के खिलाड़ी आगामी 16 से 18 सितम्बर 2025 तक विभिन्न जिलों में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, जिला सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) संजय मलिक ने बताया कि रेवाड़ी में आयोजित प्रतियोगिताओं में योगासन (अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग, लड़के एवं लड़कियां) तथा फेंसिंग (अंडर-17, लड़के एवं लड़कियां) में रोहतक के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, कुरुक्षेत्र में फुटबॉल (अंडर-14, अंडर-17, अंडर-19 लड़कियां), वॉलीबॉल (अंडर-14, अंडर-17, अंडर-19 लड़कियां) और जूडो (अंडर-14 एवं अंडर-17, लड़के एवं लड़कियां) प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा, जिनमें रोहतक जिले की टीमें भाग लेंगी, सोनीपत में कुश्ती (फ्रीस्टाइल एवं ग्रीको-रोमन, अंडर-14, अंडर-17, अंडर-19 लड़कियां), ताइक्वांडो (अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 लड़कियां), सॉफ्टबॉल (अंडर-14, अंडर-17, अंडर-19 लड़के) और बॉक्सिंग (अंडर-14, अंडर-17, अंडर-19 लड़के) में रोहतक जिले के खिलाड़ी अपनी दावेदारी पेश करेंगे।

## जयशंकर से की क्राउन प्रिंस ने मुलाकात

जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी। रोहतक के खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और लगन से पूरे जिले का मान बढ़ाया है, मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में हमारे खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जिले का नाम रोशन करेंगे, रोहतक जिले के खिलाड़ी पूरी तैयारी और जोश के साथ राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने जा रहे हैं, रोहतक जिले के खिलाड़ी अनुशासन और समर्पण की मिसाल पेश कर रहे हैं और आने वाले समय में और भी बड़ी सफलताएं हासिल करेंगे।

## खबर संक्षेप



### एमडीयू में जोटेरो और मेंडली पर व्याख्यान

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग में एमएसआईटी, जनकपुरी की डॉ. ऋतु ने छात्रों और शोधार्थियों के साथ विशेष संवाद किया। यह विस्तार व्याख्यान शोध प्रबंधन सॉफ्टवेयर ज़ोटेरो और मेंडली के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित रहा। डॉ. ऋतु ने इन सॉफ्टवेयरों के उपयोग, शोध कार्य में उनकी प्रासंगिकता और संदर्भ प्रबंधन में उनकी महत्ता पर विस्तृत जानकारी साझा की। इस अवसर पर विभाग के छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों और संकाय सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और विषय पर गहन समझ प्राप्त की।

### एमडीयू में एनएसएस ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा सत्र 2025-26 के नव नामांकित एनएसएस स्वयंसेवकों के लिए ओरिएंटेशन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीएसडब्ल्यू प्रो. सपना गर्ग ने कहा कि सामुदायिक सेवा व नेतृत्व विकास में एनएसएस की भूमिका पर जोर दिया। डिप्टी डीएसडब्ल्यू प्रो. सोनू देहमीवाल ने स्वयंसेवकों को अनुशासन और सेवा भाव अपनाने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंजू पंवार ने एनएसएस की गतिविधियों और आगामी पहलों की जानकारी साझा की, वहीं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. गुरदयाल, डॉ. रवि प्रभात, डॉ. नीतू और डॉ. शेरी ने संबोधित किया।

### दांतों में होने वाली बीमारी को लेकर किया जागरूक

**रोहतक।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय कलानौर कलां में नागरिक अस्पताल कलानौर की टीम ने ओरल हेल्थ पखवाड़ा के अंतर्गत डॉ सुरेंद्र कुमार ने बच्चों को दांतों में होने वाली बीमारियों और उनके बचाव के बारे में जानकारी दी। बताया कि हमें दांतों की सफाई सुबह और रात को सोने से पहले जरूर करनी चाहिए। हमें स्वयं और परिवार के सदस्यों को धूम्रपान ओर तंबाकू का सेवन नहीं करने को सलाह दी।इस पखवाड़े का उद्देश्य लोगों को मुंह की देखभाल के महत्व के बारे में शिक्षित करना और दंत संबंधी बीमारियों से बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी देना है। इस अवसर पर हेड टीचर अनिता देवी, ललित कुमार, सतीश कुमार, अंजू, मधुबाला उपस्थित रहे।

### 18 व 19 को रोहतक में होंगे जोन स्तरीय खेल

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा है कि हरियाणा श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा 18 व 19 सितंबर को स्थानीय राजीव गांधी खेल परिसर में जोन स्तर की खेल प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है। महम के उपमंडल अधिकारी (ना.) को इस खेल प्रतियोगिता के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो संबंधित विभागों के साथ तालमेल कर खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन करवाएंगे। उपायुक्त द्वारा इस संदर्भ में संबंधित विभागों को आदेश जारी किए गए है।



रोहतक। भंडारा में प्रसाद वितरण करते उप आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज। फोटो : हरिभूमि

### सिद्ध संत स्वामी धर्मपुरी महाराज के श्राद्ध पर जुटे संत

रोहतक। डेरा बाबा लक्ष्मणपुरी महाराज, गौकर्ण तीर्थ पर सिद्ध संत स्वामी धर्मपुरी जी महाराज के श्राद्ध पर गुरुवार को साधु संत व श्रद्धालुगण गौकर्ण तीर्थ पर एकत्रित हुए इस अवसर पर उप आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कपिलपुरी महाराज के सानिध्य में मुख्य मंदिर सहित संतों की समाधियों पर भोग लगाया गया इसके बाद दोपहर 12:00 बजे भंडारा शुरू हुआ जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश ,हिमाचल के अलावा पंजाब से भी संतो व भक्तजनों ने भागीदारी दी जिसमें महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरी महाराज, महामंडलेश्वर डॉक्टर परमानंद ,साध्वी मानेश्वरी देवी ,महंत दिलबाग सिंह , बाबा हरपाल दास , सनी बाबा,जितेन्द्र पाल सिंह सोढ़ी ,सत भाई रामा सत भाई जीवाया,बाबा सुखा शाह, राघव देव व अन्य सभी संतों ने बाबा जी की समाधि पर माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## केस टीचिंग एंड केस राइटिंग पर राष्ट्रीय कार्यशाला शुरू

एमडीयू में किया जा रहा दो दिवसीय आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान में केस टीचिंग एंड केस राइटिंग विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह मुख्य अतिथि रहे। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि केस स्टडी शिक्षण और लेखन विद्यार्थियों में समस्या-समाधान, विश्लेषणात्मक सोच और निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि आज के प्रतिस्पर्धी समय में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक दृष्टिकोण और केस-आधारित शिक्षण पद्धति ही छात्रों को उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करती है। कुलपति ने कहा कि केस टीचिंग न केवल कक्षा के अनुभव को समृद्ध बनाता है, बल्कि यह छात्रों को वास्तविक जीवन की परिस्थितियों का सामना करने के लिए आत्मनिर्भर और सक्षम बनाता है। विशिष्ट अतिथि डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. सुरेश चंद्र मलिक ने उच्च-गुणवत्ता वाले शोध की महत्ता और सामाजिक विज्ञान में केस लेखन की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह का स्वागत करते इमसार के शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति से छात्राओं ने किया सराबोर

एमडीयू के शिक्षा विभाग में टैलेंट हंट कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा राधाकृष्णन सभागार में टैलेंट हंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और सांस्कृतिक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुष्पगुच्छ स्वागत और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर शिक्षा संकाय के डीन प्रो. जितेंद्र कुमार, विभागाध्यक्ष डॉ. माधुरी हुड्डा सहित वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. नीरू राठी, डॉ. महेंद्र मलिक, डॉ. विनीता रोज, आईटीईपी फैकल्टी मोहम्मद शाकिर, डॉ. स्वीटी, डॉ. संगीता पी., डॉ. सुनीता हुड्डा, डॉ. संगीता राठी, मन्नु कुमार एवं शोधार्थी उपस्थित रहे। डीन प्रो. जितेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की समय पर पहचान के महत्व पर प्रकाश डाला। विभागाध्यक्ष डॉ. माधुरी हुड्डा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख किया और कहा कि इस प्रकार के आयोजन भविष्य के शिक्षकों के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। परिणामों में राहुल मिस्टर टैलेंटेड, अंशिका मिस टैलेंटेड, खुशबू सर्वश्रेष्ठ नृत्य, शिवांश सर्वश्रेष्ठ कविता और शीतल व लक्ष्य सक्रिय प्रतिभागी घोषित हुए। मिस टैलेंटेड का खिताब जीतने वाली अंशिका ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा इस मंच ने मुझे स्वयं को व्यक्त करने का आत्मविश्वास दिया।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह का स्वागत करते इमसार के शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों ने दिया प्रतिभा का परिचय

कार्यक्रम में आईटीईपी (प्रथम, द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर), एम.एड (प्रथम एवं द्वितीय वर्ष) और एम.ए. एजुकेशन (प्रथम एवं द्वितीय वर्ष) के छात्रों ने नृत्य, कविता, मिमिक्री और ओपन टैलेंट जैसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों की रचनात्मकता और आत्मविश्वास से परिपूर्ण प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि मुख्यवक्ता प्रो. (डॉ.) सुनीता अरोड़ा का स्वागत करते महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### आध्यात्मिकता जीवन संतुलन की कुंजी

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिकता विषय पर एक विशेष विस्तार व्याख्यान का आयोजन कंप्यूटर साइंस विभाग में किया गया। यह कार्यक्रम सावन कृपाल रूहानी मिशन के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के लिए गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्थाओं के प्रशासक एवं एसडीएम रोहतक आशीष वशिष्ठ का विशेष सहयोग रहा।

## दोनों देश शांति और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध



महम। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को एक लाख रुपए का चैक भेंट करने के बाद मांग पत्र सौंपते महंत डॉ. सतीश दास। फोटो : हरिभूमि

### मुख्यमंत्री राहत कोष में दान किए एक लाख रुपये

**महम।** सतगुरु मंदिर सैमाण के महंत एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. सतीश दास ने मुख्यमंत्री राहत कोष में एक लाख रुपए का दान किया है। उन्होंने एक लाख रुपए का चैक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को चंडीगढ़ सीएम हाऊस में प्रदान किया है। महंत सतीश दास ने बताया कि उन्होंने यह राशि बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए दी है। फरमाणा, भैणीसुरजन, सैमाण, भैणी मातो, भैणीचंद्रपाल आदि गांवों के बरसाती पानी निकासी के लिए उन्होंने एक मांग पत्र मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सौंपा। मुख्यमंत्री ने उनकी मांग पर सहानुभूतिपूर्ण विचार किया और आश्वासन दिया कि इन गांवों के बीच से जुई फीडर तक एक ड्रेन बनवा दी जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से हलके की कई अन्य समस्याओं के समाधान की भी मांग की। सीएम ने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस मौके पर उनके साथ कई गांवों के सरपंच मौजूद थे।



रोहतक। विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्या डॉ. इंदु सपरा।

### उद्यमिता पखवाड़े का किया सफल आयोजन

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय, लाखनमाजरा में उद्यमिता पखवाड़े का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर छोटा कोई काम नहीं, हुनर से ही नाम सही तथा वोकल फॉर लोकल जैसे प्रेरणादायी विषयों को केंद्र में रखकर विभिन्न गतिविधियां संपन्न हुईं। यह आयोजन प्राचार्या डॉ. इंदु सपरा के कुशल मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट सेल की सक्रिय अगुवाई में आयोजित किया गया। पखवाड़े के अंतर्गत उद्यमिता दिवस उत्सव, नारा लेखन प्रतियोगिता, विचार सृजन, अंतरा तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता जैसी गतिविधियों में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने विचारों के माध्यम से यह संदेश दिया कि स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता ही सशक्त समाज और प्रगतिशील राष्ट्र की आधारशिला हैं। कार्यक्रम के समापन पर विजेताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। प्राचार्या डॉ. इंदु सपरा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उद्यमिता न केवल आत्मनिर्भर बनने का मार्ग है, बल्कि समाज में रोजगार सृजन करने का माध्यम भी है। छात्राओं को अपने कौशल का उपयोग कर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए।



रोहतक। आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन को सम्बोधित करते उप निदेशक डॉ. सौरभ कांत।

### प्लेसमेंट ड्राइव में 165 छात्रों ने लिया भाग

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा एचडीएफसी बैंक के सहयोग से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस ड्राइव ने विभिन्न विषयों के 165 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान उप निदेशक डॉ. सौरभ कांत और पूरी सीसीपीसी टीम ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग दिया। भर्ती प्रक्रिया एचडीएफसी बैंक के अनुभवी पैनल द्वारा संपन्न की गई, जिसमें वरिष्ठ प्रबंधक राजिंदर जोधा, प्रबंधक अभय वर्मा, प्रबंधक मनोज काश्यान आदि रहे।

**सूचना**

मैं, संजय कुमार पुत्र श्री प्रकाश शर्मा निवासी शिव कॉलोनी, जिला व तहसील रोहतक (हरियाणा) बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अजय मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, रोहताश पुत्र रणधीर निवासी सैमाण, तहसील महम, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र रवि व मेरी धर्मपत्नी राजो मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं और पिछले 25 वर्षों से अपने पीहर के गांव बहलबा में मुझसे अलग रह रहे हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## शिकायतों के निपटारे को लेकर अफसरों को दिए जरूरी निर्देश

# समाधान शिविर में सुनी नागरिकों की शिकायतें

- समाधान शिविरों में एक छत के नीचे सभी विभागों के अधिकारी सुन रहे लोगों की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सचिव विरेंद्र सिंह ढुल एवं नगराधीश अंकित कुमार ने परिवहन महाप्रबंधक विपिन कुमार, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल के साथ स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में नागरिकों की शिकायतें सुनी। उन्होंने शिकायतें सुनने के दौरान संबंधित विभागों के मौके पर उपस्थित अधिकारियों को इन शिकायतों को शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार सप्ताह के प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय एवं उपमंडल मुख्यालयों पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। समाधान शिविरों में एक छत के नीचे सभी विभागों से संबंधित शिकायतों का यथासंभव उचित निदान किया जा रहा है।





रोहतक। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सचिव विरेंद्र सिंह ढुल एवं नगराधीश अंकित कुमार।

### समाधान शिविर में ये अधिकारी रहे मौजूद

संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहकर इन शिकायतों का निपटारा कर रहे है।इस अवसर पर महम के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मुकुल दहिया, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता गगन पांडे, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव कुमार, कृषि उप निदेशक डॉ. सुरेंद्र सिंह, सैनिक व अर्धसैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर गोरिका सुहाग, एलडीएम महाबीर प्रसाद, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव श्याम सुंदर के अलावा संबंधित विभागों के अधिकारी, भाजपा के प्रतिनिधियों में उदयभान मलिक व एडवोकेट अंकुश बिट्टू मौजूद रहे।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

RADHA SWAMI NURSING COLLEGE
(Recognised/Affiliated by Haryana Govt/HN&NMC/INC)
Approved by NIILM University
VPO Kharkara, Distt. Rohtak M. 9812072127
Admission & Guidance (Session 2025-26)
हरियाणा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कोर्स करने के लिए संपर्क करें

| Course | Duration | Eligibility |
|---|---|---|
| GNM (Nursing Officer) | 3 Years | 12th Any Stream |

UNIVERSITY COURSE
X-Ray Technician | Physiotherapy | Fire Safety & Technician
Radiology & Imaging Technology | Medical Laboratory Technician
And many others Diploma/B.SC/M.SC Degree Course offered by University.
Rohtak Off.: Radha Swami Medical Institute
Shastri Nagar Hisar Road Bye Pass, Rohtak M. 9812072127

ADARSH COLLEGE OF EDUCATION
Adarsh School Of Nursing
MADINA, ROHTAK
Affiliated to Haryana Govt. HNRC & INC
ADMISSION OPEN
ANM 2 YEARS | GNM 3 YEARS | JBT 2 YEARS
LIMITED SEATS
SC/ST को सरकार से 100% फीस छात्रवृति
ELIGIBILITY: 10+2 in any stream with 45% Marks
SC/BC with 40% Marks | AGE LIMIT: 17-35 Years.
Required Nursing Tutors
रोहतक और नजदीक के गांव से बस सुविधा उपलब्ध
Mob.: 8307117069, 9306840763, 9485578148
Email: adarshschoolmadina@gmail.com

S.V. COLLEGE
18 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत
हेल्थकेयर क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका
Courses:- Limited Seats
DMLT | HOSPITAL MANAGEMENT
DOTT | Radio & Medical Imaging Technology
Eligibilty 12th in any Stream
All Para Medical Course
(6 Month Certificate, 2/3 Years Programme)
UNDER UGC & MHRD (Govt. of India) Approved
Online Course
(नौकरी के साथ पढ़ाई)
BA - MA | B. COM - M. COM
BCA - MCA | LLB - LLM
BBA - MBA | & many more...
UGC-अप्रूव्ड कोर्स के साथ काउंसिलिंग रजिस्ट्रेशन भी करवाया जाता हैं।
Jind Hissar Bypass Railway Bridge, (Nehru Colony) Rohtak -124001
98126-69100, 94665-10173

## खबर संक्षेप

### दीवान फार्म हाऊस में श्याम बाबा का जागरण कल

**महम।** कस्बा महम के दीवान फार्म हाऊस में शनिवार 13 सितंबर को श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा श्याम बाबा का जागरण आयोजित किया जाएगा। मंडल प्रधान सचिन गोयल ने बताया कि पूर्व विधायक बलराज कुंडू, सतगुरु मंदिर सैमाण के महंत सतीश दास और शहर के प्रमुख उद्योगपति विजय मित्तल समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। वृंदावन से मीनाक्षी, चंडीगढ़ से कन्हैया मित्तल और जयपुर से साक्षी अग्रवाल मुख्य कलाकार पहुंचेंगे। जागरण शाम को 7 बजे शुरू होगा।

### एनएसएस इकाई ने बाढ़ पीड़ितों के लिए बढ़ाया हाथ

**रोहतक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जसिया की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने बृहस्पतिवार को बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए राहत कोष के लिए चंदा एकत्रित किया, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पुष्पा के नेतृत्व में आयोजित इस पहल में एनएसएस स्वयंसेवकों, विद्यालय स्टाफ व आसपास के ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर सहयोग दिया, कुल 14 हजार रुपये की राशि एकत्रित कर राहत कोष में जमा की गई।

### तीन दिवसीय सॉफ्ट स्किल्स वर्कशॉप संपन्न

**रोहतक।** मदवि के विधि विभाग में करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय सॉफ्ट स्किल्स वर्कशॉप उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से छात्रों ने आत्मविश्वास, टीमवर्क और समस्या-समाधान की नई दृष्टि विकसित की।

### ओरल हेल्थ पखवाड़ा के अंतर्गत की दांतों की जांच

**रोहतक।** श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय में ओरल पखवाड़ा के तहत यूथ रेडक्रॉस यूनिट की ओर से दंत सुरक्षा जागरूकता पर एक विस्तार व्याख्यान एवं दांतों की जांच के लिए एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया गया। डॉ. विशाल मोंगिया ने सभी वॉलंटियर्स को दांतों की सुरक्षा के बारे में बताते जागरूक किया तथा कहा कि दिन में कम से कम दो बार, दो मिनट तक फ्लोराइड टूथपेस्ट और मुलायम ब्रिसल वाले टूथब्रश से दांतों और जीभ को साफ करें। कैंप में 67 विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों के दांतों की जांच की तथा उन्हें दांतों को स्वस्थ रखने की सलाह दी।

## पुलिस कार्रवाई पर उठे सवाल

# गांधी कैंप में दबंगों का तांडव दुकानों में तोड़फोड़ व आगजनी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांधी कैंप क्षेत्र में दबंगों द्वारा देर रात की गई गुंडागर्दी ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया है। पीड़ित व्यापारियों ने आरोप लगाया कि दबंगों ने उनसे अवैध वसूली की कोशिश की और विरोध करने पर उनकी दुकानों के ताले तोड़कर तोड़फोड़, आगजनी और वाहनों को नुकसान पहुंचाने जैसी वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों और लोगों में गहरा आक्रोश है। पीड़ितों में सुशील, सुरेश कुमार, गौरव, विकल, हैप्पी, सौरव और हिमांशु ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि वे गांधी कैंप में दुकानें चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं।

### आधी रात किया हमला

घटना 10 सितंबर की रात करीब 12 बजे की है। पीड़ितों के अनुसार, नवाब, आलू और गुलू नामक युवक अपने 7-8 साथियों के साथ वहां आए। आरोप है कि ये सभी लाठी-डंडों, तलवारों और बंदूक से लैस थे। उन्होंने आते ही झगड़ा शुरू कर दिया और अवैध वसूली की मांग की। जब पीड़ितों ने पैसे देने से इनकार किया तो दबंगों ने उनकी दुकानों के ताले तोड़ दिए। इसके बाद दुकानों में जमकर तोड़फोड़ की गई, सामान बाहर फेंक दिया गया और आगजनी की गई। यही नहीं, उन्होंने दुकानों के बाहर खड़ी गाड़ियों को भी नुकसान पहुंचाया। बताया गया कि वाहनों में तोड़फोड़ की गई।

### मारपीट और धमकियां

दबंगों ने पीड़ितों के साथ मारपीट भी की, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। जाते-जाते आरोपियों ने पीड़ितों को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ितों ने बताया कि पूरी वारदात की सीसीटीवी फुटेज उनके पास सुरक्षित है।



### पुलिस कार्रवाई पर सवाल

पीड़ितों ने बताया कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और बयान दर्ज किए, लेकिन अब तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया। इस ढिलाई से व्यापारियों और स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। व्यापारियों का कहना है कि अगर समय रहते आरोपियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो वे और ज्यादा दुस्साहसी हो सकते हैं, जिससे क्षेत्र की शांति भंग हो सकती है।

### न्याय की मांग

गांधी कैंप के व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ तुरंत और कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि पुलिस ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो वे मजबूर होकर सामूहिक आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

# छात्रों को तनाव व मेंटल हेल्थ की दी जानकारी

- पीजीआई के स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के बॉयज व गर्ल्स हॉस्टल में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते बॉयज हॉस्टल के वार्डन डॉ हरनीत सिंह।

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के बॉयज एवं गर्ल्स हॉस्टल में एक जागरूकता कार्यक्रम के तहत "हौसला -लेट्स टॉक का आयोजन डीन पीजीआईएमएस डॉ. अशोक चौहान की अध्यक्षता में किया गया ।

मनोरोग विभाग से डॉ. प्रीति सिंह ने विद्यार्थियों को तनाव और मेंटल हेल्थ के बारे में जानकारी देते हुए आपसी सहयोग एवं स्पोर्ट की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने संतुलित लाइफ स्टाइल, अच्छे कम्युनिकेशन और फिजिकल एक्सरसाइज,योग और प्राणायाम की मेंटल हेल्थ के लिए उपयोगिता पर प्रकाश डाला। डॉ. प्रीति ने बताया कि हमे अपने किसी भी साथी के व्यवहार में बदलाव दिखता है तो उसे समय देना चाहिए और उनसे वार्तालाप करना चाहिए ताकि उन्हें भावनात्मक रूप से सहयोग दे सकें। मनोरोग विभाग से डॉक्टर हितेश खुराना ने कहा कि हमें पढ़ाई का भी तनाव नहीं रखना चाहिए क्योंकि अधिक तनाव लेने से हमारी पढ़ाई भी प्रभावित होती है।

ऐसे में हमें एक समय निर्धारित करके पढ़ाई करनी चाहिए ताकि उसके पश्चात हम अन्य चीजों के लिए भी समय निकाल सके और खुद को तनाव मुक्त रख सके। डीन डॉ. अशोक चौहान ने कहा कि यह छात्रावास विद्यार्थियों का दूसरा घर और फैकल्टी उनके परिवार की तरह हैं जो किसी भी तनाव या कठिन परिस्थितियों में हमेशा उनके सहयोग के लिए खड़े रहते हैं। हमें कोई भी समस्या होने पर अपने फैकल्टी सदस्य या अपने वार्डन और चीफ वार्डन के साथ साझा करनी चाहिए ताकि वह उसका समय रहते हाल निकलवा कर आपको तनाव मुक्त करने में मदद कर सकें। बॉयज हॉस्टल के वार्डन डॉ हरनीत सिंह ने कहा कि वह बच्चों को हमेशा अपने परिवार का एक हिस्सा मानते हैं इसलिए यदि किसी भी बच्चे को कोई छोटी से छोटी भी समस्या होती है तो वह किसी भी समय निसंकोच होकर उनसे मिल सकता है।

# पत्रकारिता विभाग में फिल्म स्क्रीनिंग से जीवन की मुश्किलों से जूझने का दिया संदेश

- जीवन की कठिनाइयों से सतत संघर्ष और सकारात्मक सोच से निपटें

**रोहतक।** आत्महत्या किसी समस्या का समाधान नहीं। जीवन में हताश, निराशा से हार मानने के बजाय सतत संघर्ष से उन मुश्किलों को जूझने की जरूरत है। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के उपलक्ष्य में इस भावना को मुखरित करते हुए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में लघु फिल्म- साल्ट एण्ड पैपेर प्रदर्शित की गई तथा इस महत्वपूर्ण दिवस के संदेश को विद्यार्थियों से साझा किया गया। विभाग के प्राध्यापक सुनित मुखर्जी द्वारा संयोजित-संचालित इस फिल्म स्क्रीनिंग उपरांत आत्महत्या जैसे गंभीर विषय पर आपसी चर्चा हुई।



सुनित मुखर्जी ने कहा कि इस फिल्म में अंतरनिहित संदेश को समझाते हुए विद्यार्थियों को जीवन में सकारात्मकता का रास्ता अपनाने का परामर्श दिया। विभिन्न प्रेरणादायी व्यक्तियों के जीवन संघर्ष का हवाला देते हुए विद्यार्थियों को नकारात्मक सोच से परहेज करने, तथा जीवन पथ पर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

# विज्ञान प्रश्नोत्तरी में मॉडल स्कूल आंबेडकर चौक के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

- जिलेभर से आठ टीमों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल भिवानी रोड में किया गया। प्रतियोगिता में जिलेभर से आठ समूहों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक व तार्किक सोच तथा सामूहिक कार्य क्षमता को प्रोत्साहित करना था।

प्रश्नोत्तरी में विज्ञान विषय और नवीनतम नवाचारों पर आधारित प्रश्न पूछे गए। मॉडल स्कूल अंबेडकर चौक की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया और आगामी जोनल लेवल साइंस क्विज प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया। टीम में धुन, याना और पुष्कल शामिल रहे तथा शिक्षिकाएं सुलैना गुलिया और गीतांजली उनके साथ रहीं। विद्यालय लौटने पर प्रधानाचार्या डॉ. अरुणा तनेजा ने विद्यार्थियों को बधाई दी और अगले स्तर की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस उपलब्धि में विज्ञान विभाग की अहम भूमिका की सराहना की। मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त सचिन गुप्ता, उपाध्यक्ष राम अवतार गुप्ता और सचिव राजेश कुमार सहगल ने भी विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### यूएमसी केसों की सुनवाई 18 सितंबर को

**रोहतक।** मदवि की मई 2025 में आयोजित बीएससी, बीए, बीएजेएमसी, एमएससी, एमए, एमटीटीएम की परीक्षाओं के यूएमसी केसों की सुनवाई 18 सितंबर को परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में सुबह 9.30 बजे आयोजित की जाएगी। मई 2025 में ही आयोजित बी. फार्मेसी, एलएलबी, बीए-एलएलबी तथा एलएलएम की परीक्षा के यूएमसी केसों की सुनवाई भी 18 सितंबर को परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में दोपहर 2 बजे से आयोजित की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि संबंधित अभ्यर्थी अपना रोल नंबर विश्वविद्यालय वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. निकिता ने व्यावहारिक सुझाव दिए कि वे अपनी थाली में हरी सब्जियां, दालें, फल और पर्याप्त मात्रा में पानी को शामिल करें।

# छात्रों को मीडिया और फिल्म निर्माण के बारे में दी तकनीकी जानकारी

- जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग ने सुपवा का किया शैक्षिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा की अध्यक्षता में पंडित लख्मीचंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स, रोहतक के परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स विभाग का शैक्षिक भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस शैक्षिक यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को मीडिया और फिल्म निर्माण की तकनीकी जानकारी प्रदान करना था। इस भ्रमण का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ. सुमित कुमार एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संदीप द्वारा किया गया। भ्रमण में बीए जेएमसी के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के कुल 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया। भ्रमण के दौरान यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट फैकल्टी श्री आशीष नेहरा ने फिल्म प्रोडक्शन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज की दुनिया में विजुअल आर्ट्स और चित्रकला किस प्रकार से सूचना, संप्रेषण और मनोरंजन का एक प्रमुख माध्यम बन चुकी है। प्रोडक्शन असिस्टेंट नीरज द्वारा साउंड एडिटिंग की प्रक्रिया पर विशेष व्याख्यान दिया गया। प्राचार्य ने बताया कि एसे शैक्षिक भ्रमण से छात्रों को फिल्म निर्माण की विभिन्न तकनीकों और उनकी व्यावहारिक जानकारी प्राप्त होती है।

### मातूराम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में कंप्यूटर साइंस शाखा की बढ़ी सीटें

**रोहतक।** जाट एजुकेशन सोसायटी के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने बताया कि जाट संस्था द्वारा संचालित मातूराम इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में कंप्यूटर साइंस शाखा की सीटें 30 से बढ़ाकर 60 कर दी गई हैं। लंबे समय से संस्थान में केवल 30 सीटें ही उपलब्ध थीं। सीट वृद्धि संबंधी निर्णय महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की ओर से गठित समिति द्वारा दिनांक 3 सितम्बर 2025 को संस्थान का निरीक्षण करने के बाद लिया गया। इसके उपरांत मदवि रोहतक ने सीट वृद्धि की स्वीकृति प्रदान की। संस्थान में प्रवेश की अंतिम तिथि 15 सितम्बर निर्धारित है। कॉलेज निदेशक डॉ. नवनीत अहलावत ने बताया कि इस निर्णय से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा के अधिक अवसर मिलेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### एमडीयू के जूलॉजी विभाग के विद्यार्थियों ने विवेकानंद लाइब्रेरी का किया शैक्षणिक भ्रमण



**रोहतक।** मदवि के जूलॉजी विभाग के विद्यार्थियों ने विवेकानंद लाइब्रेरी का शैक्षणिक भ्रमण किया। जूलॉजी विभाग की अध्यक्षा प्रो मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक लाइब्रेरी सुविधाओं और तकनीकों से परिचित कराना था। प्राध्यापक प्रो सुधीर कटारिया के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने लाइब्रेरी के बुक सर्च प्रोसेस, ई-लाइब्रेरी सेवाओं तथा विश्वविद्यालय द्वारा उपयोग किए जा रहे विभिन्न सॉफ्टवेयर की जानकारी प्राप्त की। डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ. सीमा समेत लाइब्रेरी स्टाफ ने विद्यार्थियों को डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग और शोध कार्य में उनकी उपयोगिता के बारे में भी मार्गदर्शन दिया।

# एमडीयू के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में एलुमनाई मीट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- पूर्व छात्रों ने वर्तमान विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव और करियर यात्रा साझा की

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में एमएससी बैच 2014-2016 के छात्रों की एलुमनाई मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग से निकले पूर्व छात्र, जो आज सरकारी सेवाओं, शोध संस्थानों और उद्यमिता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, पुनः अपने विभाग में एकत्रित हुए। कार्यक्रम का संयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा सुनेजा ने किया, जबकि विभाग की एलुमनाई समन्वयक डॉ. पूजा गुलाटी ने छात्रों का स्वागत किया। विभाग के सभी प्राध्यापकों- प्रो. केके शर्मा, डॉ. अनीता, डॉ. संजय कुमार और डॉ. राजीव कुमार कपूर ने पूर्व छात्रों के साथ संवाद किया। पूर्व छात्रों ने वर्तमान बैच के विद्यार्थियों के साथ भी अनुभव साझा किए और बताया कि किस प्रकार विभाग की शिक्षा ने उन्हें उनके करियर पथ पर आगे बढ़ने में मदद की। बैच 2014-2016 के कई छात्रों ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। योगेश शर्मा वर्तमान में एम्स, नई दिल्ली में ड्रग इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। डॉ. प्रमोद कुमार ने यूजीसी-सीएसआईआर फेलोशिप और डीबीटी-जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण कर आईआईएसईआर भोपाल से पीएचडी पूरी की।



# ध्यान से सकारात्मक व तनाव मुक्त मार्गदर्शन विषय पर हुआ व्याख्यान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वैश्य तकनीकी संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिस की ओर से "ध्यान के माध्यम से सकारात्मक और तनाव मुक्त मार्गदर्शन" विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के सभी कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता 'साईंस एवं स्प्रिच्युल्टी' से राजेंद्र अरोड़ा रहे। उन्होंने बताया कि अध्यापन कार्य में मेडिटेशन विद्यार्थियों के लिए किस प्रकार उपयोगी सिद्ध हो सकता है तथा यह विद्यार्थियों और अध्यापकों के बीच संबंधों को और अधिक सकारात्मक बनाने में सहायक है। कार्यक्रम के समापन पर प्रिंसिपल संजीव गुप्ता एवं ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर राजन सरीन ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान विकास गोयल ने सभी को अपनी शुभकामनाएं दीं।

## शहर में 'सेवा ही स्वच्छता पखवाड़ा' का करेंगे शुभारंभ

# अधिकारी मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों की तैयारियां करें पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 17 सितंबर को रोहतक में प्रस्तावित कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करें। मुख्यमंत्री का 17 सितंबर को स्वच्छता, पौधरोपण, नशा मुक्त हरियाणा अभियान पर मैराथन, प्रदर्शनी व भगवान विश्वकर्मा जयंती के राज्य स्तरीय समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करना प्रस्तावित है। सचिन गुप्ता वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा सहित प्रशासन के उच्चाधिकारियों एवं विभागाध्यक्षों के साथ मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर एएसपी प्रतीक अग्रवाल, सांपला के उपमंडलाधीश उत्सव आनंद, नगर निगम के विशेष अधिकारी (स्वच्छता) प्रदीप कौशिक, संयुक्त आयुक्त मनजीत कुमार, रोहतक के उपमंडलाधीश आशीष कुमार, नगराधीश अंकित कुमार, परिवहन महाप्रबंधक विपिन कुमार, मंडल आयुक्त के ओएसडी शुभम सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी मौजूद रहे।




### मैराथन को दिखाएंगे हरी झंडी

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा 17 सितंबर को रोहतक में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत किया जाना प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री शहर में सेवा ही स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ करेंगे तथा इसके उपरांत मानसरोवर पार्क में पौधरोपण, नशा मुक्त हरियाणा अभियान पर मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

### सड़क को प्रथमिकता के आधार पर करवाएं दुरुस्त

मैराथन सुभाष चैक से शुरू होकर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय तक आयोजित होगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मैराथन के रूट पर सड़क को प्रथमिकता के आधार पर दुरुस्त करवाएं। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वे अपने कार्यालयों को जीरो वेस्ट घोषित करें तथा इस बारे में नगर निगम को प्रमाण पत्र भिजवाएं। जीरो वेस्ट के तहत कार्यालयों में पुराने रिकॉर्ड व कंडम सामान को डिस्पोज करना, रद्दी पेपर व कचरा इत्यादि का उठान के अलावा कार्यालय की साफ-सफाई शामिल है।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में जनस्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता शिवराज, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता बिजेंद्र नरवाल, सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र आर्य, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी, शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधि व रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।